तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 मार्च 2026



13 नगर के प्याऊ घर का फ्रीज़र खराब, कोई ध्यान देने वाला नहीं





14 झरझरा मंदिर में जल रहे आस्था के ज्योत






## नवरात्रि विशेष



### अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं
दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

### जंगल में आग के कारण चारों ओर धुआ ही धुआ

# फिर आग की लपटों से धधक रहा जंगल, वन्य प्राणी भटकने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

■ वन विभाग ने मशक्कत के बाद पाया काबू

मार्च माह प्रारंभ होते ही मैनपुर क्षेत्र के जंगलों में आगजनी की घटना बढ़ गई, लेकिन पिछले दिनो हुई ओलावृष्टि और बारिश से आग पर काबू पाया जा सका था, लेकिन फिर तेज धूप और गर्मी के कारण जंगल में पत्ते सूख गये हैं और एक बार फिर जंगल धधकने लगा। मैनपुर से महज 4 किमी दूर गोपालपुर, कोदोभाठ, साल्हेभाठ, गोबरा मार्ग मे जंगल में बुधवार को जगह –जगह भारी आग लगी हुई थी,



जिसकी जानकारी वन विभाग को देने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। मैनपुर दबनई फरसरा मार्ग में मुख्य मार्ग के किनारे ही एक किमी तक आग लगी हुई थी, जिसकी जानकारी क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के स्थानीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिया गया कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया गया। वहीं छिन्दौला के आगे पुलिस कैंप से लगे पहाड़ी जंगल भी दोपहर 1 बजे के आसपास आग लगने से धधक रहा था। गरियाबंद वन मंडल के वन परिक्षेत्र धवलपुर पहाड़ी ईलाके मे भीषण आग लगी हुई है, जिसका धुंआ नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद मार्ग से दिखाई दे रहा है। सिकासार जलाशय पहाड़ी ईलाके में भी भारी आग लगने की जानकारी मिल रही है। अभी क्षेत्र में गर्मी का सीजन ठीक से प्रारंभ भी नहीं हुआ है, और क्षेत्र के पहाडी जंगल ⏭ शेष पेज 12 पर



# जिले में आठवीं की परीक्षा जारी, 5वीं की समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

केंद्रीयकृत पांचवी, आठवीं वार्षिक परीक्षा 16 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है और पांचवी कक्षा की परीक्षाएं 25 मार्च को समाप्त हो गई, वहीं आठवीं की परीक्षा 6 अप्रैल तक चलेगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बीते शैक्षणिक सत्र से 5वीं-8वीं की परीक्षाएं केंद्रीकृत रूप से आयोजित की जा रही है। केंद्रीय कृत परीक्षा प्रारंभ होने के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर निर्देशानुसार अतरमरा संकुल में संकुल प्राचार्य बी देवांगन एवं संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा के द्वारा संकुल केंद्र अतरमरा के अंतर्गत आने वाले सभी परीक्षा केन्द्रो में लगातार सघन व आकस्मिक दौरा कर रहे हैं तथा केंद्राध्यक्षों को बच्चों की सुविधा अनुसार आवश्यक बैठक व्यवस्था,पानी, रोशनदान, लाइट बिजली आदि की व्यवस्था हेतु दिशा निर्देश दिए है। यदि कोई भी छात्र किसी कारणवश परीक्षा में अनु उपस्थित होते है तो उन्हें जून में एक अवसर प्रदान ⏭ शेष पेज 12 पर

# छात्रा से की मारपीट और अभद्रता, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

■ आरोपी ने उसका मोबाइल भी छीन लिया और आपत्तिजनक हरकत करने की कोशिश

नवा रायपुर के उपरवारा क्षेत्र में एक छात्रा के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता लक्ष्मी बिनकर उम्र 19 वर्ष निवासी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला वर्तमान में राज्य होटल प्रबंध संस्थान उपरवारा की बीएससी होटल मैनेजमेंट की छात्रा है।

जानकारी के अनुसार, 24 मार्च को दोपहर करीब 2 बजे वह बस से केंद्री के पास उतरी और पैदल अपने हॉस्टल की ओर जा रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति, जिसकी उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है, उससे बातचीत कर मदद के बहाने अपनी मोटरसाइकिल में बैठाकर ले गया। आरोपी ने रास्ता बदलते हुए उसे सुनसान जगह पर ले जाकर मोटरसाइकिल रोक दी। इसके बाद आरोपी ने छात्रा के साथ गाली-गलौज करते हुए उसका गला पकड़कर धक्का दिया, जिससे वह सड़क पर गिर गई। आरोपी ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की, जिससे उसके दोनों कोहनियों और पैर में चोट आई। इस दौरान आरोपी ने उसका मोबाइल भी छीन लिया और आपत्तिजनक हरकत करने की कोशिश की। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद छात्रा किसी तरह कॉलेज पहुंची और वहां मौजूद गार्डों को पूरी जानकारी दी। बाद में वह अपने सामान को वापस लाने भी गई। पीड़िता की शिकायत पर थाना राखी पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 296 और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# दोस्तों के साथ बाजार गए युवक की सुबह मिली लाश

■ परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी, पुलिस जांच में जुटी

**मैनपुर**। विकासखण्ड के दुरस्थ वनांचल क्षेत्र साहेबिनकछार ग्राम से एक चौकाने वाली खबर निकलकर सामने आई है। तीन मित्र दूसरे ग्राम भुतबेड़ा साप्ताहिक बाजार घुमने गये थे, लेकिन उसमें से एक मित्र रात को जब घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने जब खोज–खबर की। एक मित्र का शव भुतबेड़ा के रंगमंच में संदिग्ध अवस्था में मिला, जिसे मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोस्टमार्डम के लिए लाया गया था। ग्रामीणों की भीड़ के साथ परिजन पहुंचे थे। युवक की मौत को लेकर परिजनों ने संदेह व्यक्त किया है। वहीं मैनपुर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम साहेबिनकछार निवासी तिलचंद मरकाम 26 वर्ष अपने दो अन्य मित्रों के साथ मंगलवार को वहां से 10 किमी दूर ग्राम भुतबेड़ा सप्ताहिक बाजार मोटर साइकिल से घुमने गया था, लेकिन उनके साथ गये मित्र विक्रम एवं मकरध्वज रात में ही घर लौट गये, वहीं तिलचंद मरकाम घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने बुधवार सुबह तिलचंद के संबंध पूछताछ और जानकारी ली। उनके दोस्तों ने उन्हें भुतबेड़ा में रूकने का बात कही और बुधवार को परिजनों ने जब जाकर देखा तो रंगमंच में तिलचंद बेसुध अवस्था में मिला। उन्हें तत्काल मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने तिलचंद मरकाम को मृत घोषित कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में तिलचंद के परिवार व गांव के लोग अस्पताल पहुंचे थे। मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा मौके पर पहुंचकर जांच विवेचना प्रारंभ किया है। मृतक तिलचंद के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही ⏭ शेष पेज 12 पर




## खबर संक्षेप

### मतांतरण के बाद एससी एसटी वर्ग के लाभ समाप्त, सुप्रीम कोर्ट का आदेश स्वागत योग्य



**फिंगेश्वर।** सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय के बाद अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग (निवारण) से मतांतरित होकर ईसाई अथवा मुस्लिम बन चुके व्यक्तियों को आरक्षण एवं अन्य जातिगत लाभ दिए जाने का विषय पुनः चर्चा के केंद्र में आ गया है। इस संदर्भ में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला संयोजक मोहित साहू ने कहा कि यह विषय केवल संवैधानिक नहीं,बल्कि सामाजिक,सांस्कृतिक और मूल अधिकारों से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। श्री साहू ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग को संविधान द्वारा दिए गए आरक्षण, संरक्षण एवं विशेष प्रावधानों का उद्देश्य उनके ऐतिहासिक,सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों की रक्षा करना है।ऐसे में यदि कोई व्यक्ति अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग से मतांतरित होकर ईसाई अथवा मुस्लिम बन जाता है, तो उसे उसी वर्ग के नाम पर आरक्षण,संरक्षण एवं अन्य वैधानिक लाभ मिलते रहना न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि एससी–एसटी वर्ग की पहचान केवल प्रशासनिक श्रेणी नहीं, बल्कि उनकी मूल सामाजिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक परंपरा, जीवनदृष्टि एवं ऐतिहासिक स्थिति से जुड़ी हुई है। यदि मतांतरण के बाद कोई व्यक्ति अपनी मूल पहचान, परंपरा और सांस्कृतिक आधार से स्वयं को पृथक कर लेता है, तो उसे उसी आधार पर प्राप्त होने वाले विशेष संवैधानिक लाभों का दावा करने का अधिकार नहीं होना चाहिए।

### चैत्र नवरात्र सप्तमी पर की गई महाआरती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में चैत्र नवरात्र महोत्सव के सप्तमी तिथि के दिन एक घंटे महाआरती की गई। नवरात्र में नौ दिनों तक माता रानी के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की गई। नवरात्रि में रोजाना दुर्गा चालीसा का पाठ करने का विशेष महत्वो होता है। धर्मशास्त्रों में कहा गया है कि नवरात्र पर्व पर हर दिन मां दुर्गा चालीसा का पाठ अवश्य करना चाहिए। दुर्गा चालीसा का पाठ करने से केवल मां दुर्गा के नौ रूपों की कृपा प्राप्त होती है, बल्कि आध्यात्मिक और मानसिक शांति भी मिलती है।

## पेज 11 के शेष

### फिर आग की लपटों...

ईलाकों में आग लगने की जानकारियॉ आने लगी है। ग्रामीणों ने चर्चा में बताया अभी से पहाडी ईलाको में आग लगने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है, तो वहीं दूसरी ओर जंगलों को आग से बचाने विभाग द्वारा कोई ठोस कार्ययोजना अभी तक धरातल तक दिखाई नहीं दे रहा है।

### जिले में आठवीं...

किया जाएगा। ताकि कोई भी बच्चे परीक्षा से वंचित न हो। 16 मार्च से प्रारंभ केंद्रीय कृत परीक्षाओं के परिणाम अप्रैल अंत तक घोषित कर दिए जाएंगे। संकुल केंद्र अतरमरा के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय व अशासकीय विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।परीक्षा केंद्र निम्न अनुसार है। माध्यमिक शाला अतरमरा,प्राथमिक शाला अतरमरा, माध्यमिक शाला कुरुद,प्राथमिक शाला कुरूद, माध्यमिक शाला दीवना, प्राथमिक शाला खट्टी, प्राथमिक शाला कुम्हरमरा, माध्यमिक शाला रजनकटा, प्राथमिक शाला रजनकटा, सरस्वती शिशु मंदिर कुरूद को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। और सभी परीक्षा केन्द्रो में केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति किया गया है।

### दोस्तों के साथ बाजार...

है। मृतक तिलचंद मरकाम के परिजनों ने बताया कि तिलचंद एकलौते पुत्र था और उनकी पत्नी अभी गर्भवती है। इस घटना के बाद से रो–रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताते हुए जंच की मांग की है।

# रानी मां केरापानी में डूमर के पेड़ से निकल रही अविरल धारा

**बड़ी- छोटी गुफाएं आज भी अबूझ पहेली, अगम गंगा का माना जाता है उदगम स्थल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

प्राकृतिक सौंदर्य के बीच स्थित रानी मां केरापानी सैलानियों के आकर्षण का केंद्र है। मलेवा अंचल में स्थित यह स्थान मुढ़ीपानी के नाम से भी जाना जाता है। यहां फैली बड़ी छोटी गुफाएं आज भी अबूझ पहेली बनी हुई है। केरापानी को अगम गंगा का उदगम स्थल माना जाता है। यहां पर डूमर की पेड़ से अविरल जल धारा बह रही है। हजार फीट ऊपर मलेवा पहाड़ के इस दुर्गम स्थल को शक्ति स्वरूपा देवी रानी मां का कर्मस्थली माना जाता है।

मान्यता है कि यहां की गंगा में स्नान करने से गौ हत्या एवं ब्रहम हत्या जैसे पाप भी कट जाते हैं। यहां देववृक्ष, गुलर,जीवनबुटी,केले, देवधानबाली व आम प्राकृतिक रूप से उपलब्ध है। वहीं कपाटखोल, अधियारझोला, बगरनपाठ, करहीदहरा जैसे कई रहस्यमय स्थान भी है। खनिज संपदा के दृष्टि से लौह अयस्क व छुहि का भंडार है। तपस्या के दृष्टिकोण से यहां शांत, एकांत माहौल है। 2006 से इस स्थल के संरक्षण संवर्धन को लेकर क्षेत्र के 8 पंचायतों ने मिलकर रानी मां सेवा समिति का गठन किया गया है। यह वनांचल अपने सुरम्य वादियों, पर्वत, झरना, नदियों को अपने आप में समेट हुए हैं। यहां पर दुर्गम रास्ते की बीच विशाल हनुमान जी की मूर्ति स्थापना की गई है। रानी मां के निकट की वादियां सबको आकर्षित करती है, बारिश के दिनों झरनों की रिमझिम फुहार इसे बेहतरीन पिकनिक की जगह बना देता है। मुढीपानी से 3 किलोमीटर दूर घने जंगलों के बीच बसा है। नवरात्रि पर संचालन समिति के सदस्यगण पुजारी डुलेश्वर दीवान,मुढीपानी के समस्त ग्रामवासी, सभी पंचायतों के जनप्रतिनिधि एवं सभी गांवों के ग्राम प्रमुख जुटे हुए हैं।





### श्रद्धालुओं का लगा रहता है तांता

यहां पर दोनों नवरात्रि पर्व पर रानी मां का दर्शन करने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। दुर्गम व पहाड़ी की घाटियों से गुजरते हुए लोग वहां पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं द्वारा दोनों पर्व में मनोकामना ज्योति भी जलाई जाती है। नवरात्रि को छोड़कर बाकी समय में भी लोग यहां पर माता के दर्शन करने आते हैं। यहां नवरात्रि के दोनों पर्व के अष्टमी को भंडारे की व्यवस्था भी की जाती है।

## सिकासार जलाशय से छोड़ा गया है पानी

# राजिम त्रिवेणी संगम में लबालब पानी पहली बार देखा गया समुद्र जैसा नजारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम





ग्रीष्मकाल के बीच जहाँ अधिकांश नदियों और जलस्त्रोतों में जलस्तर घटने लगता है, वहीं इस बार राजिम त्रिवेणी संगम में एक सुखद और अदभुत दृश्य देखने को मिल रहा है। संगम क्षेत्र इन दिनों लबालब पानी से भरा हुआ है, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के विधायक रोहित साहू की पहल पर सिकासार जलाशय से पानी छोड़ा गया है। इसका सकारात्मक असर अब संगम क्षेत्र में साफ तौर पर नजर आ रहा है। श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर से लेकर नीचे राजिम एनीकट तक पूरा क्षेत्र निर्मल और स्वच्छ जल से भरा हुआ है, जो इस मौसम में एक दुर्लभ दृश्य माना जा रहा है। संगम में जल की प्रचुरता के चलते यहाँ इन दिनों बाहर से भी बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु पहुँच रहे हैं। हजारों की संख्या में लोग यहाँ स्नान, डुबकी और धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं। पूरे परिवार के साथ इस पल का आनंद उठा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गर्मी के दिनों में इस तरह लबालब पानी राजिम महानदी में पहली बार देखने को मिल रहा है, जिससे न केवल धार्मिक आस्था को बल मिला है, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है। लोगों ने इसे एक सुकून भरा और शुभ संकेत बताया है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की इस पहल से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। यदि इसी तरह जल प्रबंधन पर ध्यान दिया जाता रहा, तो आने वाले समय में राजिम संगम क्षेत्र प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में और अधिक विकसित हो सकता है। शहरवासियो ने विधायक रोहित साहू के इस पहल का स्वागत अभिनंदन किया है।

### लोगों के लिए निस्तारी का साधन बना

बता दें कि राजिम त्रिवेणी संगम के ऊपर नवागांव-चौबेबांधा के नाम से बने एनीकट लबालब था। इस एनीकट के बेशकीमती पानी को रेत माफियाओं ने गेट खोलकर बहा दिया। अब ऊपर का यह एनीकट सूखा हो गया है। इस मार्ग से गुजरने वाले लोगो का कहना है कि यहां जलभराव को देखते हुए वे रूकते थे। चौबेबांधा सहित आसपास के लोगो के लिए निस्तारी का साधन बना हुआ था। मवेशियो को पानी के लिए भटकना नही पड़ता था। इस पर लोगो ने आक्रोश जाहिर करते हुए ऐसे असामाजिक तत्वो के खिलाफ कड़ी निगरानी और कार्रवाई की मांग की है।

# रावनाभाटा में तेजी से बढ़ रहा सूखा नदी का कटाव



**रसेला।** सुखा नदी का बढ़ता कटाव अब रावनाभाटा के खेती पर अतिस्त्व पर सीधा खतरा बन गया है। बीते 40 वर्षों से करीब कई एकड़ उपजाऊ जमीन नदी में समा चुकी है और अब हालात यह है कि नदी और गांव के बीच की दूरी धीरे धीरे बढ़ रहा है। हर साल बारिश के दिनों में नदी का बहाव मिट्टी को काटते हुए गांव की ओर बढ़ रहा है, जिससे ग्रामीणों में डर और असुरक्षा लगातार बढ़ रही है। ग्रामीण बताते हैं कि पहले यह कटाव कम थी, लेकिन धीरे-धीरे कटाव ने जमीन को निगल लिया। नदी किनारे के पेड़, खेत और उपजाऊ मिट्टी लगातार बहती जा रही है, जिससे किसानों की आजीविका पर गहरा असर पड़ा है। गांव के उपसरपंच रेखचद साहू, किसान नंदकुमार साहू, बिसनाथ साहू,बोधन साहू, कुमारी बाई,चमन साहू, पीला बाई,तुलेश साहू, चंदन ध्रुव, गोवर्धन साहू आदि लोगों ने बताया कि उपजाऊ जमीन को बचाने के लिए हम 40 साल से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन आज तक तटबंध नहीं बना। हर बार सिर्फ आश्वासन मिला। इन लोगों का आरोप है कि समय रहते तटबंध बन जाता तो इतनी बड़ी मात्रा में जमीन नदी में नही समाती। अब तक समस्या के समाधान कोई ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे लोग चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अब सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि तत्काल ठोस कार्रवाई की जरूरत है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में खेत नदी में समा जाएगा। साथ ही साथ इस ग्राम में अभी तक मुक्ति धाम नहीं बन पाया। बारिश के दिनों किसी की मृत्यु होने पर पालिथीन ढककर दहा संस्कार करना पड़ता है। मालूम हो कि 10 वर्षों से आंगनबाड़ी भवन जर्जर होने के चलते बच्चों को एक गोदाम में आंगनबाड़ी संचालित हो रही है, जिसमें न शौचालय है और ना कोई प्रकार की सुविधा युक्त है।

# संतोष उपाध्यक्ष बने भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य, कार्यकर्ताओं ने जताया आभार



**छुईहा बेलर।** भाजपा द्वारा हाल ही में प्रदेश संगठन में राजिम के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया है। जिला भाजपा किसान मोर्चा पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू के नेतृत्व में संतोष उपाध्यक्ष को उनके निवास पहुंचकर बधाई दी। इस मौके पर भाजपा मंडल राजिम अध्यक्ष रिकेश साहू, सहकारी समिति अध्यक्ष कोमल ढीढी, पूर्व सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू उपस्थित थे। इस दौरान सभी ने उनके नेतृत्व क्षमता और संगठन के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव का लाभ पार्टी को आगामी समय में मिलेगा।

संतोष उपाध्याय ने इस अवसर पर पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# उदंती नदी सूखी, आने वाले दिनों में पानी की होगी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



गर्मी की दस्तक के साथ ही जल स्तर में तेजी से गिरावट व भूमिगत जल के अत्यधिक दोहन के चलते मार्च के महीने में ही नदियां सूखने लगी है। गरियाबंद जिले के भीतर उदंती अभ्यारण्य के बीचो बीच गुजरने वाली प्रमुख नदी का जल पूरी तरह सूख गई है और इसकी धार थम गई है। कुछ स्थानों पर नाममात्र पानी बचा हुआ है। यह वन्यप्राणियों के लिए काफी महत्वपूर्ण नदी के रूप में जानी जाती है। क्योंकि यह उदंती अभ्यारण्य जंगल के अंदर से गुजरने वाली प्रमुख नदी है, जिसमें क्षेत्र के ग्रामीणों का जहां पीने व निस्तार की सुविधा मिलती है, वहीं यह वन्यप्राणियों के प्यास बुझाने के लिए प्रमुख नदी के रूप में जानी जाती है। उदंती नदी के सूखने के कारण आने वाले गर्मी के दिनों में जलसंकट की समस्या विकराल रूप ले सकती है।

- वन्यप्राणियों की प्यास बुझाने जगह –जगह झरिया खोदा जा रहा

**नदी में झरिया होता है सहारा :** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उदंती नदी काफी महत्वपूर्ण नदी माना जाता है और नदी के तट पर बसे दर्जनों ग्रामों के लोगों का पेयजल और निस्तारी का प्रमुख यही नदी है। ग्रामीण अभी से इस नदी में जगह –जगह सूख चुके रेत में झरिया खोदकर पानी की व्यवस्था करते दिखाई दे रहे हैं, तो वहीं वन विभाग द्वारा भी अप्रैल मई में वन्यप्राणियों के प्यास बुझाने के लिए नदी में झरिया खोदाई करते हैं, ताकि वन्यप्राणियों को पानी के लिए भटकना न पड़े।

**झरिया खोदाई कर की गई पानी की व्यवस्था :** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया इंसान हो या वन्यप्राणी जीवित रहने के लिए जल की आवश्यकता है तेज गर्मी के कारण अभी से नदी की धार पतली हो गई है। कुछ स्थानों पर नदी में पानी है, लेकिन आने वाले गर्मी के दिनों में वन्यप्राणियों के प्यास बुझाने के लिए झरिया प्रमुख होता है सुख चुके नदी में झरिया खोदकर पानी की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा अभी तक जंगल के भीतर सैकड़ों जगह झरिया खोदाई कर पानी की व्यवस्था किया जा चुकी है।

# बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई शुरू, 46 उपभोक्ताओं के नाम सार्वजनिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

नगर पालिका परिषद बागबाहरा ने बड़े टैक्स बकायेदारों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। पालिका कार्यालय के सूचना बोर्ड पर बकायेदारों की सूची चस्पा कर दी गई है। नगर पालिका के सीएमओ गिरीश चंद्रा के अनुसार कुल 81 उपभोक्ताओं पर लगभग 20 लाख रुपए का संपत्ति एवं समेकित जल टैक्स बकाया है। इनमें से 46 उपभोक्ता के नाम सार्वजनिक चस्पा कर होडिंग में लगाया गया है।

पालिका प्रशासन ने नगर पालिका अधिनियम 1961 के तहत संपत्ति कुर्की की कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। सभी बकायेदार उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किया गया है। समय सीमा में टैक्स का भुगतान नहीं करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पालिका प्रशासन बकायेदारों के नाम शहर के चौराहों पर भी चस्पा करेगा। छत्तीसगढ़ पालिका संहिता के तहत वसूली की कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका परिषद को कर्जमुक्त करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

नगर पालिका अधिनियम तहत नगर पालिका क्षेत्र में स्थित सभी संपत्तियों पर संपत्ति कर देना अनिवार्य है। इसके बावजूद, पालिका के अभिलेखों में बड़ी संख्या में ऐसे धारक हैं, जिन्होंने लंबे समय से अपना कर जमा नहीं किया है। जानबूझकर कर भुगतान से बचने वाले व्यक्तियों के खिलाफ आवश्यकतानुसार प्राथमिकी रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी। इसके अलावा नगर पालिका बकाया व की सूची सार्वजनिक कर दी है। पालिका प्रशासन का कहना है कि जरूरत पड़ने पर विधिसम्मत वसूली की अन्य कार्रवाई भी की जाएगी।

# नवनिर्मित हनुमान बालाजी मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोइरगांव (कोमाखान)



कोमाखान के वार्ड नंबर 11 में ग्रामवासियों द्वारा नवनिर्मित हनुमान बालाजी मंदिर का निर्माण कार्य बहुत तेजी से चल रहा हैं। जिसमें अनेक भक्तों का भरपूर सहयोग मंदिर समिति को मिल रहा है। हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एक पवित्र धार्मिक आयोजन है। जिसमें नवनिर्मित मंदिर में हनुमान की लाल पत्थरों से निर्मित भव्य मूर्ति जो मथुरा वृंदावन से लाई गई है का विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिष्ठित करने की तैयारी जोरों से चल रही है। मंदिर समिति के अध्यक्ष कुमार ठाकुर ने बताया कि 2 अप्रैल चैत्र पूर्णिमा हनुमान प्रकटोत्सव के दिन हनुमान बालाजी मारुति नंदन की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। तीन दिवसीय चलने वाले इस कार्यक्रम में 31 मार्च 2026 मंगलवार शाम 4बजे से भव्य कलश यात्रा राधा किशन मंदिर, गांधी चौक, दुर्गा मंदिर बस स्टेंड से होते हुए ग्राम भ्रमण कर नवनिर्मित मंदिर पहुंचेगी। तत्पश्चात मारुति नंदन का जलाधिवास कराया जाएगा। 1 अप्रैल को प्रातः वेदी पूजन गणेश पूजन, सर्व देव पूजन अन्नाधिवास, फलाधिवास कराया जाएगा। 2अप्रैल शुभ समय में प्रातः भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा, शिखर प्रतिष्ठा, ध्वजदंड की विधि वा अनुष्ठान आचार्य पंडित अनिल शास्त्री महाराज एवं अन्य पंडितों के मार्गदर्शन में संपूर्ण वैदिक मंत्रों के साथ कराई जाएगी। दोपहर महाभोग के साथ ही साथ संध्या विभिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन रखा गया है। जिसमें स्वामी अग्नि सिखा महाराज के भी पहुंचने की संभावना है। ग्राम कोमाखान का पूरा वातावरण तीन दिनों तक उत्साह, आस्था का संगम और जय राम, जय बजरंगबली के नारों से गूंजायमान वा भक्तिमय माहौल बना रहेगा। संपूर्ण कार्यक्रम को कराने में मंदिर समिति वा ग्रामजन प्रमुखता से लगे हुए हैं, जिनमें कैलाश जैन, आशीष वाकड़े, नितिन जैन, डी. वैद, रेशम पटवा, सुनील जैन, राहुल श्रीवास, भूषण सिन्हा, रवि जैन, घनश्याम यादव, देवव्रत शर्मा, डा संजीत, हितेश हिंडोचा, नागेंद्र,ठाकुर, खेमदास मानिकपुरी, राधे यादव, तोषराम यादव, शिव महाराज आदि लगे हुए हैं।

## पत्रकारिता समाज को दिशा देने वाला सशक्त स्तंभ

# पत्रकारिता में रोजगार की संभावनाएं, विषय पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा एमए हिंदी द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए पत्रकारिता में रोजगार की संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क अधिकारी पोषण साहू मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. करुणा दुबे ने की। विशेष रूप से हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गावती भारतीय, सहायक प्राध्यापक डॉ. जीवन चंद्राकर, डॉ. कलम रेखा तथा एमए हिंदी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के वंदन से हुआ, जिससे वातावरण ज्ञान और सृजनात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। विभाग प्रमुख डॉ दुर्गावती भारतीय द्वारा स्वागत भाषण करते हुए बताया गया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार परक शिक्षा देना है। हिंदी के विद्यार्थी पत्रकारिता के क्षेत्र में इंटर्नशिप में 60 घंटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त कर सकते है।



मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। आज इसकी उपयोगिता बहुत है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्या प्रो करुणा दुबे ने विद्यार्थियों को पत्रकारिता के क्षेत्र में ईमानदारी, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाला सशक्त स्तंभ है।

मुख्य वक्ता जिला जनसंपर्क अधिकारी पोषण साहू ने अपने प्रभावशाली एवं ज्ञानवर्धक संबोधन में पत्रकारिता के मूल तत्व "5डब्ल्यू 1एच " (क्या, कब, कहां, कौन, क्यों, कैसे) को अत्यंत सरल एवं रोचक ढंग से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को समाचार लेखन की बारीकियों से अवगत कराते हुए बताया कि किस प्रकार एक साधारण घटना को तथ्यों की सटीक प्रस्तुति और प्रभावी भाषा के माध्यम से सशक्त समाचार में परिवर्तित किया जा सकता है। उनके उद्बोधन ने विद्यार्थियों में पत्रकारिता के प्रति नई जिज्ञासा और उत्साह का संचार किया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का गंभीरता और आत्मीयता से उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। साथ ही पत्रकारिता के उद्देश्य एवं उसके विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है, जो न केवल घटनाओं को प्रस्तुत करती है, बल्कि सामाजिक चेतना को जागृत करने का भी कार्य करती है। संचालन ऋचा चंद्राकर ने किया।

## खबर संक्षेप

### पीएम आवास के हितग्राहियों को किस्त दें सरकार



**मैनपुर।** प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को तत्काल किस्त देने की मांग ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने की है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद पीएम आवास के हितग्राहियों को मकान बनाने किस्त की राशि नहीं मिली है। सरकार पर भरोसा कर के पीएम आवास बनने का सपना संजोये हजारों हितग्राहियों ने अपना कच्चा मकान को तोड़ दिया, अब स्थिति यह है कि किस्त नहीं मिलने के कारण किसी के मकान का सिर्फ कालम डला है, तो किसी के मकान तीन फीट तक ईंटों से जोड़ाई हो पायी है, तो किसी का मकान छत ढलाई के लिये पैसा के कारण अटका हुआ है, जिसके कारण हजारों हितग्राही पिछले छह महीने से किराये के मकान में रहने मजबूर है।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयों को छू रहाः सचदेव

**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल महामंत्री दिनेश सचदेव ने प्रेस



विज्ञप्ति जारी कर कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज हम एक ऐसे व्यक्तित्व, एक ऐसे नेतृत्व और एक ऐसे संकल्प के सानिध्य में कार्य कर रहे हैं जिसने भारत के आधुनिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। एक नेता, एक विजन एवं एक इतिहास यह शब्द केवल नारे नहीं हैं, बल्कि एक युग परिवर्तन की पहचान हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8,931 दिनों का निरंतर, अविराम और अडिग सार्वजनिक जीवन पूर्ण कर एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसे आने वाली पीढ़ियाँ गर्व के साथ याद रखेंगी।

### ओवरब्रिज के नीचे से बाइक चोरी

**महासमुंद।** तुमगांव ओवरब्रिज के नीचे से एक बाइक चोरी के मामले में तुमगांव थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। तुमगांव पुलिस को कार्तिक निषाद पिता गणेशु राम निषाद (24 साल) निवासी ग्राम कोमा थाना खल्लारी ने बताया कि 23 मार्च को वह अपने ससुराल बड़गांव से खाना खाकर रात्रि करीबन 08.30 बजे निकला था। करीबन 09 बजे भोरिंग चौक ओवर ब्रिज के पास पहुंचने पर स्वास्थ्य ठीक नहीं होने से ब्रिज के नीचे गाड़ी को खड़ी कर वहीं सो गया, जब उठा तो देखा कि मेरी बजाज प्लसर मोटर सायकल सोल्ड वहां पर नहीं थी, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली।

## निधन

### विजय यदु

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम भैरा



(नवापारा) निवासी विजय यदु का मंगलवार रात निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार प्रातः 11 बजे उनके निज निवास ग्राम भैरा में हुआ। स्व. विजय यदु ठेठवार यादव समाज फिंगेश्वर राज के पूर्व अध्यक्ष रहे थे। वे सामाजिक कार्यों में सक्रिय एवं सम्मानित व्यक्तित्व के धनी थे।

# नगर के प्याऊ घर का फ्रीजर खराब, कोई ध्यान देने वाला नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में पहुंचने वाले लोगों को ठंडा पानी पीने के लिए नसीब नहीं हो पा रहा है। क्योंकि मैनपुर नगर में लगाए गए लाखों रूपये के दो फ्रीजर खराब पड़े है और कबाड़ होता जा रहा है।

इसमें से एक फ्रीजर ठीक ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने गेट में लगा है, लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा इसके सुधार कराने कोई भी प्रकार के प्रयास नहीं किया जा रहा है और तो और यात्री प्रतीक्षालय के समीप एक नलघर का निर्माण कर वहां भी फ्रीजर लगाया गया है, लेकिन वह भी बंद पड़ा हुआ है और कबाड़ में तब्दील हो रहा है। गर्मी के इन दिनों में मैनपुर पहुंचने वाले राहगीरों यात्रियों को पानी बोतल खरीदकर प्यास बुझाना पड़ रहा है, लेकिन इस ओर न तो संबंधित अफसर ध्यान दे रहे और न ही ग्राम पंचायत के निर्वाचित सरपंच सविच द्वारा ध्यान दिया

**यात्रिगण, खरीदकर पानी पीने मजबूर**



जा रहा है। इतना बड़ा मैनपुर नगर में पहुंचने वाले लोगों को ग्राम पंचायत द्वारा पीने के पानी की व्यवस्था नहीं किया जाना समझ से परे है।

नगर व क्षेत्र के लोगों ने गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके से मांग की है कि मैनपुर में प्याऊ घर को व्यवस्थित करवा कर यहां पहुंचने वाले लोगों को पेयजल उपलब्ध कराई जाये। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में एकमात्र प्याऊ घर है, लेकिन पियाऊ घर का फ्रीजर एक साल से खराब होने के कारण इसका लाभ नगर व क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल रहा है, जबकि इस भीषण गर्मी में लोगों के सामने पीने की पानी को लेकर भारी दिक्कत उत्पन्न हो गई है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रें से मैनपुर में पहुंचने वाले राहगीरों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। एसडीएम कार्यालय के सामने इस पियाऊ घर का फ्रीजर बंद पड़ा हुआ है लेकिन फ्रीजर की मरम्मत की ओर कोई ध्यान नहीं देना समझ से परे हैं।

## राजिम विधायक ने किया भूमिपूजन, राहगीरों को मिलेगी राहत

# चौबेबांधा से लक्ष्मण झूला तक बनेगी फोरलेन सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

महानदी तट स्थित लक्ष्मण झूला क्षेत्र के पास बुधवार सुबह 11 बजे विधायक रोहित साहू द्वारा बहुप्रतीक्षित फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। यह सड़क नए मेला मैदान चौबेबांधा से लेकर लक्ष्मण झूला तक निर्मित की जाएगी, जिसकी अनुमानित लागत 34 करोड़ रुपये हैं। इस महत्वपूर्ण परियोजना की स्वीकृति मिलने पर विधायक साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि यह योजना राजिम क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और इससे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हरेक गारंटी को धरातल पर उतारने के लिए सीएम विष्णुदेव साय संकल्पित है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सुशासन की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। उन्होंने बताया कि फोरलेन सड़क बनने से विशेष रूप से राजिम मेला एवं अन्य अवसरों पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। अन्य विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि राजिम से चौबेबांधा तक टू-लेन सड़क निर्माण के लिए 9 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। महाशिवरात्रि के



अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा राजिम में बैराज निर्माण की घोषणा की गई है, इसके पूर्ण होने पर राजिम का स्वरूप और अधिक आकर्षक होगा तथा यह स्थल प्रयागराज की तर्ज पर विकसित होता नजर आएगा। साथ ही नौका विहार को आकर्षक बनाने हेतु लाइटिंग व्यवस्था के लिए लगभग 200 करोड़ की योजना प्रस्तावित है। विधायक साहू ने बताया कि राजिम-छुरा एवं राजिम-महासमुंद मार्ग का भूमिपूजन आगामी माह किया जाएगा, जिसके लिए बजट में प्रावधान हो चुका है। इसके अलावा नदी जोड़ो अभियान के अंतर्गत लगभग 3047 करोड़ रुपये की बड़ी योजना भी स्वीकृति की प्रक्रिया में है, जिसके तहत नदी के अतिरिक्त जल को सूखाग्रस्त क्षेत्रों की ओर डायवर्ट किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू ने क्षेत्र की जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि जनता ने उन्हें सेवा और विकास के लिए चुना है, और



वे क्षेत्र की उन्नति एवं प्रगति के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे। विधायक ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना को स्वीकृति मिली है, जो सौभाग्य की बात है। कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद से राजिम क्षेत्र में विकास कार्यों ने गति पकड़ी है और अल्प अवधि में ही वर्षों पुरानी मांगें पूरी हो रही हैं।

### नगर के लिए यह गौरव का क्षण

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि यह नगर के लिए गौरव का क्षण है। विधानसभा में कदम रखते ही विधायक रोहित साहू ने राजिम क्षेत्र के समुचित विकास में लग गए है। उनके सक्रिय प्रयासों से ही इस परियोजना को स्वीकृति मिली है और नगर विकास को नई दिशा मिल रही है। जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने अपने उदबोधन के दौरान बहुत साफ-साफ कहा कि मुझे शादी होकर आए 10 साल हो गए इस अवधि में कई विधायक आए कई गए पर भगीरथ प्रयास करने वाला यह पहला विधायक है रोहित साहू। जो पूरे जिले के लिए खुशी का विषय बताते हुए कहा कि वर्षों पुरानी मांगे अब पूरी हो रही है। क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, नंदिनी ओंकार साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदिनी-कोमल ढीढी, लेखराम ध्रुवा, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति भारत यादव,आकाश राजपूत,मंशा कुर्रे,कुलेश्वर साहू, तुषार कदम, जानकी पटेल, नरोत्तम ठाकुर, पदमिनी निषाद, बलराम यादव, सुरेश पटेल, टंकु सोनकर, अजय पटेल, सुमित्रा निराला, रेखा-कुलेश्वर साहू, दुलीचंद आंडे,ऋषि दुबे व गणमान्य नागरिक ,स्थानीय पत्रकार एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों का किया उपचार और बांटी घरेलू सामग्री



**गरियाबंद।** बिन्द्रानवागढ़ चौकी क्षेत्र में केंद्रीय पुलिस बल की 65वीं बटालियन द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधा और दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध कराई गई।

■ गरियाबंद में सीआरपीएफ का सिविक एक्शन कार्यक्रम

कमांडेंट राधेश्याम सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। उप कमांडेंट सुधेन्द्र सिंह एवं सहायक कमांडेंट राजीव रतन के नेतृत्व में टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बिन्द्रानवागढ़, खमारीपारा, बोईरबेहरा और तिमनपुर सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही जरूरतमंदों को सिलाई मशीन, साड़ियां, मच्छरदानियां सहित अन्य उपयोगी सामग्री प्रदान की गई। स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, ड्राइंग बॉक्स और चप्पल भी वितरित किए गए, जिससे उनमें खासा उत्साह देखा गया।

**कमजोर को सहायता देना उद्देश्य :** उप कमांडेंट सुधेन्द्र सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों को सहायता प्रदान करना। गांवों के विकास में सहयोग देना तथा युवाओं को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से ग्रामीणों के साथ सकारात्मक संबंध स्थापित होते हैं। क्षेत्र में नक्सल प्रभाव को कम करने में भी मदद मिलती है।

### सहयोग व विश्वास को मजबूत करने में सहायक

कार्यक्रम में पुलिस एवं सीआरपीएफ के अधिकारी, सरपंच शश्या ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। यह आयोजन सुरक्षा बलों और आमजन के बीच विश्वास और सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

## मैनपुर-देवभोग मार्ग पर सीमेंट लदा ट्रक पलटा, घंटों सड़क रही जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर-देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्यमार्ग में बुधवार को फिर एक बार सीमेंट से भरा ट्रक उदंती नदी के नजदीक पलट गया। इससे सड़क जाम हो गई। एक सप्ताह के भीतर दो बार सीमेंट से भरा ट्रक पलटने से नेशनल हाइवे घंटों जाम रहा और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार सीमेंट भरकर देवभोग की तरफ जा रहा ट्रक उदंती नदी के पास बुधवार सुबह 11 बजे के आसपास पलट गया और पूरा सीमेंट सड़क में बिखर गया, जिससे सड़क जाम हो गई। तत्काल प्रधान आरक्षक दिलीप



सिन्हा एवं धर्मेन्द्र ठाकुर मौके पर पहुंचे और दो घंटे के मेहनत के बाद आवागमन सुचारू किया जा सका। ज्ञात हो कि इस मार्ग मे लगातार वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

## पाटसिवनी में खाद्य गोदाम और चेकडेम निर्माण का भूमि पूजन

**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** ग्राम पंचायत पाटसिवनी (छुरा) में खाद्य गोदाम एवं चेकडेम निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भेषमती रूपसिंह साहू जनपद सदस्य छुरा, अध्यक्षता चम्पेश्वर ध्रुव सरपंच ग्रा प पाटसिवनी, पंचगण रूपनारायण मांडले सभापति कृषि ,मत्स्य ,पशुपालन विभाग, पुराणिक दुबे सभापति वन विभाग, तीजराम ध्रुव पंच, महेश कुमार ध्रुव ग्राम प्रमुख,



देवनारायण साहू ग्राम प्रमुख उपस्थित थे।

## वृद्धजन को अधिकार, योजनाओं और जोखिमों के प्रति किया जागरूक

**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत, अटल वयो अभ्युदय योजना याने सीएसडी की एक विशेष बैठक कल आयोजित की गई। बैठक में वृद्धजनों को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और आधुनिक जोखिमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन कम्युनिटी फैसिलेटर रेणुका सोनी द्वारा किया गया।

बैठक के दौरान वृद्धजनों को चार प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिसमें विभिन्न सरकारी योजनाओं तक पहुंच और उनके लाभ, माता-




पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम के प्रावधान,डिजिटल साक्षरता की आवश्यकता और उसके लाभ,विद्युत साक्षरता से संबंधित मूलभूत जानकारी रही। इसके साथ ही, बैठक में वरिष्ठ नागरिकों को संभावित धोखाधड़ी और कदाचार के विरुद्ध सचेत किया गया। इनमें पंजीकरण प्रक्रिया में छल, बैंक विवरण की चोरी, ओटीपी के माध्यम से ठगी, नकली लॉटरी या इनाम की योजनाएं, फर्जी बीमा व निवेश ऑफर, एटीएम कार्ड क्लोनिंग, सरकारी फिशिंग लिंक, पेंशन से जुड़ी गलत सूचना का प्रसार और हस्ताक्षर के दुरुपयोग जैसे मुद्दे शामिल थे।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में ग्राम बेलर के कई गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया, जिनमें साधुराम साहू, उप सरपंच शंकर साहू, दीपक साहू, मनहरण, मुंग्यबाई, सविता, सरोज साहू, सेविका सोनी और पार्वती सिंह उपस्थित रहे। सरपंच लेखराम रात्रि ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## नगर में रामनवमी पर निकाली जायेगी शोभायात्रा

**फिंगेश्वर।** नगर में रामनवमी का पर्व सर्व हिंदू समाज एवं विश्वहिंद परिषद तथा बजरंग दल द्वारा 26 मार्च को धूमधाम से मनाया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर नगर के प्रमुख चौक चौराहों में स्वागत द्वारा एवं बेनर पोष्टर सहित झंडे एवं तोरण सजाये जा रहे हैं।



कार्यक्रम 26 मार्च को सायंकाल 4 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर मैदान से प्रारंभ होकर नये बस स्टेड के पास समापन होगा। भगवान श्रीराम चंद्र की भव्य झांकी की शोभायात्र महाआरती के पश्चात निकाली जायेगी। वहीं पर शस्त्र पूजन भी किया जायेगा।कार्यक्रम को लेकर विभिन्न वेशभूषा में कलाकर भी इस शोभायात्रस में शामिल होंगे, जिसमें भगवान राम एवं हनुमान की झांकी, कटप्पा कालकेय झांकी गुरप, किंगकांग गुरिल्ला झांकी ग्रुप आखड़ा ग्रुप, राउत नाचा, दुर्गावाहिनी मातृशक्तिया प्रसिद्ध मां तारिणी धूमाल भी होगा। कार्यक्रम को लेकर आयोजक समिति के द्वारा भगवान राम की महिमा बढ़ाने नगर सहित अंचल के रामभक्तों को आंमत्रित किया गया है।

## 10 लोगों ने दी साक्षरता परीक्षा



**फिंगेश्वर।** संकुल केन्द्र बिजली के अंतर्गत नवाडीह बिजली में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत मूल्यांकन परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर असाक्षर एवं वयोवृद्ध शिक्षार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर शिक्षा के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय दिया। उल्लास परीक्षा कार्यक्रम से पूर्व शिक्षकों एवं प्रेरकों द्वारा गांव में रैली निकाल कर पारंपरिक रूप से पीले चावल देकर आमंत्रण दिया गया।

इस महत्वपूर्ण परीक्षा में शिक्षार्थियों ने आत्मविश्वास लगन और जागरूकता के साथ सहभागिता निभाते हुए साक्षरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। महापरीक्षा में 3 पुरुष एवं 7 महिला परीक्षार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर व्याख्याता पूरन लाल साहू ने कहा कि यह अभियान केवल परीक्षा तक सीमित नहीं बल्कि समाज में ज्ञान–विकास,आत्मनिर्भरता और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त पहल है।सफल बनाने में संकुल समन्वयक भुवन यदु, प्रधान पाठक विद्या बोरझा,शिक्षक मिथुन मरकाम,टेकेश कुमार धुरव का सराहनीय योगदान रहा।

### पीएम श्री हरिहर स्कूल में सॉइल हेल्थ प्रोग्राम हुआ

# छात्रों ने सीखे मिट्टी परीक्षण के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पीएम श्री हरिहर स्कूल में भारत सरकार की सॉइल हेल्थ एवं फर्टिलिटी योजना के अंतर्गत स्कूल सॉइल हेल्थ प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं कृषकों में मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने तथा संतुलित खेती के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में कृषि विभाग की अधिकारियों ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

ममता ढोके कृषि विकास अधिकारी ने सॉइल हेल्थ कार्ड योजना के बारे में विस्तार से बताया तथा मिट्टी परीक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नियमित मिट्टी परीक्षण से फसलों की गुणवत्ता एवं उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है। कुमारी दीक्षा नायक ग्रामीण कृषि अधिकारी ने मिट्टी परीक्षण कार्ड की प्रक्रिया एवं विभिन्न परीक्षण विधियों की जानकारी दी। वहीं



नारायण चंद्राकर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने छात्रों को मिट्टी का सही तरीके से नमूना एकत्रित करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत एकत्रित मिट्टी के नमूनों को व्याख्याता महेश कंसारी द्वारा परीक्षण हेतु मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य फाखरा खानम दानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मिट्टी की घटती उर्वरता के कारणों एवं उसके दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मिट्टी की उर्वरता में कमी से खाद्यान्न उत्पादन प्रभावित हो रहा है। साथ ही उन्होंने सभी से मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु जागरूक रहने एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील की। उन्होंने इस महत्वपूर्ण योजना के संचालन के लिए सरकार की सराहना भी की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखना, खेती की लागत को कम करना तथा भविष्य में मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सामाजिक कार्यकर्ता ने मां दुर्गा से क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की

**छुईहा बेलर।** चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में समाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू देवगांव ने ग्राम सेंदर में सभी चैत्र नवरात्रि व्रतधारकों, श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों को महाष्टमी, रामनवमी की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने संदेश में माताभक्तों के संयमसाधना की सराहना करते हुए कहा कि नौरात्रि का उपवास-आराधना सामाजिक समरसता और पारिवारिक एकता का संदेश देता है। माता की कृपा से अंचल में सुखशांति बनी रहे।




### भूकांक्षी साहू ने एमएससी में टॉप किया

**नवापारा-भेण्डरी।** ग्राम परसट्ठी की भूकांक्षी साहू ने एमएससी रसायन शास्त्र में टॉप टेन में स्थान प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित की है। वे प्रतिभाशाली छात्रा रहीं है। कक्षा 12वीं तक सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा , बीएससी गणित डिग्री गर्ल्स महाविद्यालय रायपुर से पढ़ाई की है। उन्हें सगे संबंधियों ने बधाई दी है।



### बकली में 27 से 30 मार्च तक मानसगान

**राजिम।** ग्राम बकली में राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय संगीतमय श्री रामचरित मानसगान समारोह का आयोजन 27 से 30 मार्च तक होने जा रहा है। यह कार्यक्रम स्कूल चौक भाठापारा में होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासियो की मौजूदगी में किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमेश साहू, शेखर साहू,रामजी साहू,इंदरमन तारक,जुगराम यादव, संतोष यादव,आजूराम साहू, नंदकुमार साहू,ओमप्रकाश साहू सहित पूरे ग्रामवासी लगे हुए है। मालूम हो कि इस राज्य स्तरीय आयोजन में छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिला सहित महासमुंद, रायपुर,धमतरी,कांकेर, दुर्ग,राजनांदगांव, कवर्धा, बेमेतरा,बालोद जिले के ख्यातिप्राप्त मंडलियां शामिल रहेंगी। पूरा गांव का वातावरण धर्ममय रहेगा।



### भूमिहीन परिवारों को मिली बड़ी सौगात

**रसेला।** राज्य सरकार द्वारा भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए की गई बड़ी घोषणा पर पूर्व छुरा मंडल अध्यक्ष पीलू राम यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इस निर्णय को गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए नई उम्मीद की किरण बताया है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत लाखों भूमिहीन परिवारों को करीब 500 करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान करना राज्य सरकार की संवेदनशीलता और जनहितकारी सोच को दर्शाता है। यह योजना सीधे तौर पर उन परिवारों को आर्थिक संबल देगी जो लंबे समय से सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। पीलू राम ने बताया कि सरकार द्वारा प्रत्येक हितग्राही को 10 हजार रुपए की सहायता राशि उनके बैंक खातों में सीधे अंतरित की जाएगी, जिसमें पारदर्शिता के साथ लाभ सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से बैगा, गुनिया जैसे पारंपरिक समुदायों को भी शामिल करना सरकार की समावेशी नीति का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। यही सबका साथ सबका विकास की सच्ची परिकल्पना है।



# झरझरा मंदिर में जल रहे आस्था के ज्योत

**कोपरा।** झरझरा मंदिर में दिनों चैत्र नवरात्रि पर पांच सौ एक मनोकामना ज्योत प्रज्वलित हो रही हैं। क्षेत्र के भक्त अपनी आस्था और विश्वास के साथ माता के दरबार में ज्योत जलाए हैं। अपने सह परिवार पहुंचकर माता की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

- झरझरा मे हजारों की संख्या, सुरक्षा का पुक्ता इंतजाम, भोग बंडारा और माता सेवा, रोजाना झूम रहे भक्त

इधर चैत्र नवरात्रि पर सात दिवसीय भव्य देवी महापुराण का आयोजन जन कल्याण समिति झरझरा तथा क्षेत्र के समस्त दानदाताओं के द्वारा छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र पं. युवराज पांडे जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर निवासी का श्रीमद् देवी महापुराण का कथा रखा गया है। श्रद्धालु पंडाल से बाहर तपती धूप में खड़े होकर माता रानी की कथा श्रवण कर रहे हैं।



# साहू संघ के जिला अध्यक्ष पहुंचे झरझरा मंदिर

**गरियाबंद।** चैत्र नवरात्रि पर जिला अध्यक्ष जिला साहू संघ प्रवीण साहू झरझरा मंदिर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने माताजी की पूजा अर्चना कर श्रीफल व सिंगर चढ़ाई और क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की।

ज्योतिकाक्ष पहुंचकर माता काली की पूजा कर आशीर्वाद लिया। झरझरा विकास समिति द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। प्रवीण साहू झरझरा मंदिर के विकास के लिए ग्यारह हजार एक रूपये का सहयोग प्रदान किया.। क्षेत्र से पहुंचे सभी श्रद्धालुओं से मुलाकात किया और भोग भंडारे में वृद्ध जनों को भोजन प्रसादी भी पहुंचाया। श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का श्रवण करवा रहे कथावाचक पंडित युवराज पांडे का व्यास पीठ मुख्यमंच शिव महाराज का स्वागत किया। इस दौरान सोमप्रकाश साहू, शेखर साहू, डा रवि साहू, अरुण साहू, सजेश साहू, चेतन सोनकर, युवराज साहू सभापति जनपद छुरा, कैलाश साहू, रामप्रसाद साहू ,बुधराम साहू, डगन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



## शीतला, मौली मंदिर में अनुष्ठान जारी

# गनियारी में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जा रही नवरात्रि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम गनियारी में ग्रामवासियों के तत्वावधान में चैत नवरात्र पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। इस अवसर पर पूरे गांव का वातावरण धार्मिक आस्था से सराबोर है। ग्रामवासियों द्वारा गांव की सुख-समृद्धि, खुशहाली, आपसी एकता तथा सभी के स्वस्थ और निरोग रहने की कामना के साथ विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया है। साथ ही गांव में किसी भी प्रकार की विपदा न आए, इसके लिए भी सामूहिक प्रार्थनाएं की जा रही हैं।

ग्राम सचिव गयाराम सिन्हा ने बताया कि गांव की इष्ट देवी शीतला माता एवं मौली माता के मंदिर में चैत नवरात्रि पर अखण्ड ज्योत एवं जवारा की स्थापना की गई है, जो नौ दिनों तक विधिवत रूप से स्थापित रहेगी। कल महाष्टमी पर हवन होंगे। इस दौरान प्रतिदिन सुबह-शाम आरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। रात्रि के समय जस सेवा और भक्ति गीतों के माध्यम से माता की आराधना की जा रही है, जिससे पूरे गांव में भक्ति का माहौल बना हुआ है।

इसी क्रम में गायत्री परिवार गनियारी द्वारा भी अखण्ड दीप कलश की स्थापना की गई है। गायत्री साधक प्रतिदिन विश्व कल्याण की भावना से व्रत रखकर गायत्री मंत्र का जाप कर रहे हैं तथा लघु अनुष्ठान के संकल्प को पूर्ण करने हेतु नियमित आराधना में जुटे हुए हैं। इस आयोजन से गांव में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण का संचार हो रहा है।

ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी इस धार्मिक आयोजन को और भी विशेष बना रही है। इसमें ग्राम अध्यक्ष मनी राम सिन्हा, सचिव गया राम सिन्हा, भागी साहू, कृष्ण कुमार सिन्हा, लगन, डोमार सिन्हा, यशवंत साहू, ग्राम बैगा अलख ध्रुव, पंडा नेहरू ध्रुव टिकट अमृत यादव, गायत्री परिवार हिरामन सिन्हा, रेखराम सिन्हा, होमलाल सिन्हा, बिरेंद्र सिन्हा सरपंच प्रतिनिधि भीखम गंधर्व, उपसरपंच महेश साहू का विशेष सहयोग सराहनीय है।



### रामनवमीं पर धवलपुर में निकाली जायेगी शोभायात्रा

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 10 किमी दूर ग्राम धवलपुर में युवा हिन्दू संगठन द्वारा श्रीराम नवमीं पर्व 27 मार्च को शाम 4 बजे गायत्री मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी और महाप्रसादी भोज का भी आयोजन किया गया है। रामनवमीं पर्व को मनाने अध्यक्ष दयाशंकर सोनी, उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिन्हा, कोशाध्यक्ष सौरभ राजपूत, रूसी पटेल, दीपक मिश्रा , डीगेश सोनी , होमित राजपूत , मनीष दाऊ, संजू दसा , दुष्यंत राजपूत, प्रेमचंद्र सिन्हा,जीवन नायक, सुरेश सोनी, आकाश चक्रधारी , प्रेमशंकर कंशरी , महेन्द्र निषाद , दुष्यंत सेन,देवाशीष , सोनू, मुकेश गिरी गोस्वामी, डायमंड राजपूत, मनोज यादव , राकेश जगत, जिग्नेश सेन , उमाशंकर पंकज चक्रधारी ,दुर्गेश यादव, निर्मल सोनी, प्रशांत, देवेन्द्र, अविनाश मिश्रा ,लकी समस्त युवा हिन्दू संगठन एवं पूरे ग्रामवासियो द्वारा जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है।

## विधायक रोहित ने मां गंगई और क्षेत्र के प्रमुख जंवारा मंदिरों में मत्था टेका

**मुड़ागांव(कोरासी)।** चैत्र नवरात्रि पर समूचा क्षेत्र शक्ति की उपासना में सराबोर नजर आ रहा है। इसी कड़ी में राजिम विधायक रोहित साहू ने छुरा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर देवी मंदिरों में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

विधायक साहू ने प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां गंगई धाम मड़ेली सहित द्वारतरा, डांगनबाय और करचाली के शीतला माता मंदिरों में पहुंचकर प्रज्वलित ज्योति कलश एवं 'जंवारा' के दर्शन किए। उन्होंने सर्वप्रथम मां गंगई धाम मड़ेली पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा ज्योति कक्ष में पहुंचकर माता रानी की ज्योत के दर्शन कर क्षेत्रवासियों के लिए सुख-शांति का आशीर्वाद मांगा।

इसके पश्चात वे द्वारतरा, डांगनबाय और करचाली पहुंचे, जहां नवरात्र पर्व को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इन ग्रामों में उन्होंने शीतला माता मंदिर पहुंचकर ज्योत जंवारा के दर्शन किए। ग्राम करचाली में ग्रामीणों ने विधायक का आत्मीय स्वागत किया, जहां उन्होंने पुनः माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, भाजपा नेता राजू साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

ग्राम करचाली में ग्रामीणों की मंगा पर 20 लाख का रंग मंच और 20 लाख का टीना सेट एवं 2 लाख का युवाओं के लिए जीम सेंटर के लिए घोषणा किया वहीं ग्राम द्वारतरा में खड़मा से द्वारतरा तक पक्की सड़क मार्ग निर्माण एवं टीना सेट, महिला सामुदायिक भवन, महतारी सदन सहित अनेक घोषणा द्वारतरा में किया,गंगई माता मंदिर में भी गंगई माता से लेकर बोईरगांव तक पक्की सड़क मार्ग के लिए घोषणा की।

# शक्ति की भक्ति में लीन महामाया सेवा मंडली

**छुरा।** बासंतीय नवरात्रि पर देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मनोकामना ज्योति कलश में हो रही वृद्धि, लोगों के बढ़ते आस्था को प्रदर्शित कर रहा है। माता की स्तुति में छत्तीसगढ़ ही नहीं विदेशों से भी भक्तगण दीप जला रहे हैं। इस वर्ष भी जय मां महामाया सेवा परिवार छुरा शक्ति की भक्ति में जुटे हैं। देवी मंदिरों और घरों में विराजित जग ज्योति जवारा स्थलों में माता सेवा की सुंदर प्रस्तुति दे रहे हैं। समिति के कोषाध्यक्ष राहुल नामदेव ने बताया कि अंचल के प्रख्यात जसगीत गायक के.आर. सिन्हा को आदर्श मानते हैं।

हम लोग सुमिरन से लेकर नवरात्रि के प्रत्येक दिवस गाए जाने वाले भजनों के माध्यम से माता का यशगान करते हैं। हमारी प्रस्तुति में अतिप्राचीन जसपचरा गीतों का समावेश रहता है। पारंपरिक और आधुनिक तर्ज पर हिंगलाज भवानी के प्राकट्य, हनुमान जन्मकथा, नंदी जन्म, श्रृंगार, सती कथा, राम रावण युद्ध, महिषासुर मर्दन, रक्तबीज वध, शुंभ निशुंभ वध, कंकालीन माता की गाथा आदि पर सेवा गीत गाते हैं। मुख्य गायक शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा, कोरस राहुल नामदेव, डिगेश्वरी गोस्वामी, नंदकिशोर सिन्हा, ख़ुमेश, छन्नू, जितेंद्र पाटकर, पार्थ राव पांडरे, मयंक, पुष्पांग, नाल में भोजराज ध्रुव, लुकेश ध्रुव, प्रवीण सिन्हा, मोहन ध्रुव, गोकुल, मांदर में सागर ध्रुव, नरेन्द्र, राघव, गोविंद प्रतिदिन माता की आराधना में डूबे हुए हैं। बाल कलाकार के रूप में गुंजन सिन्हा, योगिता सिन्हा अपने दादा के सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ा रहीं हैं और प्रतिदिन देर रात्रि तक भजन गायन में लगी रहती हैं।





## सामाजिक कार्यकर्ता ने लिया आशीर्वाद

**कोपरा।** झरझरा प्रांगण में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत कथा महापुराण में ग्राम कसेरुडीह के सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल साहू अपनी पत्नी के साथ कथावाचक पं. युवराज पांडे का मुख्य मंच में स्वागत सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# राशन दुकान की स्वीकृति, विधायक से मिलकर कर जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम जोगीडीपा में नवीन उचित मूल्य दुकान की स्वीकृति की प्रदान की गई है। इसकी पुष्टि खाद्य निरक्षक सोनाली ठाकुर ने की है। वहीं ग्रामवासियों अत्यंत खुश हैं, इससे पहले गांव से दूर चरौदा से खाद्यान्न प्राप्त करते थे।

अब स्थानीय स्थल से प्राप्त हो सकेंगें।जनपद सदस्य प्रतिनिधि मिथलेश ध्रुव , सरपंच नेतराम सिन्हा,उपसरपंच लेखराम साहू, ग्राम पटेल तोरन पटेल,युवा भाजपा राजेन्द्र यादव,छविराम यादव के नेतृत्व ग्रामवासी , पंचगण, महिला समुह जोगीडीपा ने राजिम विधायक रोहित का आभार जताया है। जिनके अनुशंसा यह स्वीकृति मिली है।



# विधायक ने किया सीसी रोड़ निर्माण का भूमिपूजन

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने नगर से ग्राम हरदीभाठा में सीसी रोड़ निर्माण के लिए विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। इसके पूर्व विधायक जनक ध्रुव का सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। जनक ध्रुव ने कहा इस क्षेत्र मे सबसे बड़ा तालाब हरदीभाठा में है और यहां गर्मी के दिनों में भी पानी भरा रहता है। इस तालाब का सौन्दर्यीकरण किया जायेगा। साथ ही इस ग्राम में जो भी समस्या है सभी समस्याओ का समाधान किया जायेगा।इस मौके पर सरपंच मालती कोर्राम, मनोज निर्मलकर, रूपेश साहू, सवितानंद साहू, रामजी साहू, खगेश्वर साहू एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य केंद्र पाटसिवनी का केंद्रीय टीम ने किया निरीक्षण

**मुड़ागांव (कोरासी)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाटसिवनी में राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के तहत केंद्रीय स्तर की टीम द्वारा दो दिवसीय निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण 23 एवं 24 मार्च को हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं गुणवत्ता का आंकलन करना था।

निरीक्षण के लिए पश्चिम बंगाल से डॉ. खान एवं आंध्र प्रदेश से डॉ. जयाप्रदा पहुंचे। निरीक्षण दल ने अस्पताल की ओपीडी एवं आईपीडी सेवाओं का सूक्ष्म परीक्षण किया। साथ ही प्रसव सेवाओं एवं लेबोरेट्री सुविधाओं का बिंदुवार निरीक्षण किया गया।

दल द्वारा दवाओं की उपलब्धता, अस्पताल परिसर की स्वच्छता तथा संक्रमण नियंत्रण व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देते हुए विस्तृत चर्चा की गई। इसके अलावा मितानिन कार्यों, कुपोषण जांच तथा मरीज संतुष्टि के पहलुओं का भी गहन मूल्यांकन किया गया। अस्पताल के सामान्य प्रशासन एवं विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर संस्था प्रभारी डॉ. देवेश सोनी, बीएमओ डॉ. कीर्तन साहू, जनपद सदस्य श्रीमती भेषमती रूपसिंह साहू, सरपंच चम्पेश्वर ध्रुव, पंच श्री रूपनारायण मांडले, पुराणिक दूबे, तिजराम कंवर, ग्राम पटेल अमर सिंह जाट सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।




## श्रद्धालुओं की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली

# सुरसाबांधा में गायत्री महायज्ञ के साथ 8 माताओं का पुंसवन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ग्राम सुरसाबांधा में मां भगवती महिला मंडल राजिम द्वारा गायत्री महायज्ञ के साथ 8 गर्भवती माताओं का पुंसवन संस्कार विधि-विधान से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली।

संस्कार के दौरान चित्ररेखा, निर्मला साहू, उमेश्वरी साहू, नंदनी साहू, चुनिया साहू, लकेश्वरी साहू, भूमिका साहू और कोमिन यादव का पुंसवन संस्कार सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ राजिम की सहायक प्रबंध ट्रस्टी चंद्रलेखा गुप्ता ने संस्कारों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक का निर्माण गर्भकाल से ही शुरू होता है, जिसमें माता की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने माताओं को खान-पान, व्यवहार और सकारात्मक सोच पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।



कार्यक्रम के आयोजन में प्रज्ञा मंडल सुरसाबांधा के रामाधार साहू और लालजी वर्मा का विशेष योगदान रहा। उन्होंने नवरात्रि पर्व की पूर्णाहुति को भी भव्य रूप से मनाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच मीना देवांगन ने गायत्री यज्ञ के माध्यम से मिलने वाले आध्यात्मिक और सामाजिक ज्ञान की सराहना की।

महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी उनके योगदान के लिए श्रीफल, साहित्य और पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक ओमेश्वरी साहू, दीपा साहू, गीतांजली साहू, लुकेश्वरी दीवान, ओमिन साहू सहित कई कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम का संचालन महेंद्र साहू ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन ग्राम सभा अध्यक्ष कौशल कुमार साहू ने किया। उन्होंने कहा कि बच्चों में संस्कारों के बीज बोकर ही एक सशक्त और श्रेष्ठ समाज का निर्माण किया जा सकता है।

